an>

Title: Need to arrange land for construction of building for Zila Pradhan Dak Ghar at Begusarai district, Bihar.

**डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय)**ः बिहार में बेगूसराय जिले में 65 वर्षों के बाद भी जिला प्रधान डाकघर की न तो अपनी जमीन है और न ही अपना भवन। एक लम्बे अंतराल में डाक-तार कर्मचारियों को जो वेदना भोगनी पड़ी है, उस व्यथा की ओर तत्कालीन सरकारों ने ध्यान नहीं दिया है। इन वर्षों में विभाग के कर्मचारियों ने संघर्ष का कीर्तिमान स्थापित किया है। बेगूसराय जिला मुख्यालय के सामने जो पुराना जेल परिसर है, उसे जिला प्रधान डाकघर कार्यालय के लिए अधिग्रहण के प्रयास हुए हैं। केन्द्र सरकार ने जेल परिसर जो अब जेल नहीं है, को जिला प्रधान डाकघर कार्यालय बनाने के लिए एक करोड़ रुपए आवंटित कर रखे हैं। राज्य सरकार नगर निगम का क्षेत्र होने के कारण 14 लाख रुपए अधिक की मांग कर रही है। परिस्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है। दिनांक 13.12.2015 को जिला डाक कर्मचारियों का 59वां वार्षिक समारोह हुआ। कर्मचारियों की पीड़ा को मैंने महसूस किया है। उनकी भावनाओं का स्वागत करते हुए मैंने आश्वासन दिया है कि इस कार्य के लिए सरकार की ओर से सकारात्मक प्रयास किए जायेंगे।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिहार के बेगूसराय जिले के डाक-तार कर्मचारियों को सरकारी कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए जेल परिसर की जमीन देने के लिए अपेक्षित कार्यवाही की जाए।